**CBSE Class – 4 Hindi**

**NCERT Solutions**

**रिमझिम पाठ- 7. दान का हिसाब**

<u>कहानी से</u>

**(क) राजा किसी को भी दान क्यों नहीं देना चाहता था?**

**उत्तर-** राजा अपनी सुख-सुविधा पर तो बहुत खर्च करता था लेकिन दूसरों के लिए बहुत कंजूस था| इसलिए वह किसी को भी दान नहीं देना चाहता था|

**(ख) राज दरबा र के लोग मन ही मन राजा को बु रा कहते थे | लेकिन वे राजा का विरोध क्यों नहीं कर पाते थे?**

**उत्तर -** वे राजा का विरोध नहीं कर पाते थे| वे राजा से बहुत डरते थे| उन्हें इस बात का डर था कि राजा कही उन्हें दंड न दे बैठे|

**(ग) राजसभा में सज्जन और विद्वान लोग क्यों नहीं जाते थे**

**उत्तर -** राजसभा में सज्जन और विद्वान लोग इसलिए नहीं जाते थे क्योंकि वहाँ पर उनका सत्कार बिल्कुल नहीं होता था|

**(घ) सन्यासी ने सीधे-सीधे शब्दों में भिक्षा क्यों नहीं माँग ली?**

**उत्तर-** यदि सन्यासी सीधे-सीधे शब्दों में भिक्षा माँगता तो राजा इतनी बड़ी रकम देने के लिए कभी तैयार नहीं होता| इसलिये संन्यासी ने ऐसे तरीके से भिक्षा माँगी कि राजा ने उसे बहुत छोटी रकम समझ लिया |

**(ङ) राजा को सन्यासी के आगे गिड़गिड़ाने की जरूरत क्यों पड़ी?**

**उत्तर-** राजा ने सन्यासी को भिक्षा देने का जो वचन दिया था| उसके अनुसार उसके खजाने से दस लाख से भी अधिक रूपए निकल जाते और राजा दिवालिया हो जाता| राजकोष बचाने के लिए उसे संन्यासी के आगे गिड़गिड़ाने की जरूरत पड़ी|

<u>अंदाज अपना-अपना</u>

**तुम नीचे दिए गए वाक्यों को किस तरह से कहोगे?**

**(क) दान के वक्त उनकी मुट्ठी बंद हो जाती थी|**

**उत्तर -** दान के समय में कंजूसी करने लगते थे|

**(ख) हिसाब देकर मंत्री का चेहरा फीका पड़ गया|**

**उत्तर -** हिसाब देकर मंत्री घबरा गया|

**(ग) सन्यासी की बात सुनकर सभी की जान में जान आई|**

**उत्तर -** सन्यासी की बात सुनकर सभी को राहत महसूस हुई|

**(घ) लाखों रूपए राजकोष में मौजूद है| जैसे धन का सागर हो|**

**उत्तर -** राजकोष में  लाखों रुपए मौजूद है|

---

**साथी हाथ बढ़ाना**

**कभी-कभी कुछ इलाकों में बारिश बिल्कुल भी नहीं होती | नदी - नाले , तालाब , सब सूखे जाते हैं | फसलों के लिए पानी नहीं मिलता | खेत सूख जाते हैं | पशु-पक्षी , जानवर , लोग भूख से म रने लगते हैं | ऐसे समय में वहाँ रहने वाले लोगों की मदद की जरूरत होती है | तुम भी लोगों की मदद जरूर कर सकते हो | सोच कर बताओ कि तुम अ काल में परेशान लोगों की मदद कैसे करोगे?**

**उत्तर -** अकाल में परेशान लोगों की मदद के लिए मैं अपनी कक्षा के सारे बच्चों को इकट्ठा करूँगा| हम सब मिलकर पैसे इकट्ठे करेंगे और उससे खाने-पीने की चीजें खरीदकर वहाँ तक पहुँचाएँगे| हम बड़े लोगों से भी प्रार्थना करेंगे कि वह उनकी मदद करें|

---

**जिम्मेदारी अपनी-अपनी**

**तुम्हारे विचार से राज दरबार में किसकी क्या-क्या जिम्मेदारियाँ होंगी?**

**(क) मंत्री**

**(ख) भंडारी**

**उत्तर -** (क) **मंत्री** - मंत्री पूरे राज्य की देखरेख करता है| वह हर मामले में राजा को सलाह देता है, जिससे राजकाल अच्छी तरह से चलता रहे| उसी की सलाह से राजा दूसरे कर्मचारियों को नियुक्त करता है|

(ख) **भंडारी** - भंडारी राजा के खजाने की देखभाल करता है| वह राजकोष का सारा हिसाब-किताब रखता है| राजा के आदेश पर वह लेन-देन करता है|

---

**करण जैसा दानी**

**सभी ने कहा, "हमारे महाराज कर्ण जैसे ही दानी हैं|"**

**पता करो कि –**

**(क) कर्ण कौन थे?**

**उत्तर-** कर्ण कुंती के सबसे बड़े पुत्र थे| वे बहुत दानी थे|

**(ख) कर्ण जैसे दानी का क्या मतलब है?**

**उत्तर-** कर्ण जैसे दानी का मतलब है- अपना सब कुछ दान में दे देने वाला बहुत दानी|

**(ग) दान क्या होता है?**

**उत्तर-** जब किसी जरूरतमंद को कोई चीज खेराती में दे दी जाती है तो उसे दान कहा जाता है|

**(घ) किन-किन कारणों से लोग दान करते हैं?**

**उत्तर-** दूसरों की मदद करने के लिए लोग दान करते हैं|

कुछ लोग नाम कमाने के लिए दान करते हैं|

---

कुछ लोग पुण्य कमाने के लिए दान करते हैं|

<u>कहानी और तुम</u>

**(क) राजा राजकोष के धन का उपयोग किन-किन कामों में करता था?**

**तुम्हारे घर में जो पैसा आता है वह कहाँ -कहाँ खर्च होता है ? पता करके लिखो|**

**उत्तर -** राजा राजकोष के धन का उपयोग सुगंधित वस्त्रों, मनोरंजन और महल की सजावट में करता था| मेरे घर में जो पैसा था वह निम्न कार्यों में खर्च होता है:-

खाने-पीने का सामान खरीदने में, कपड़े खरीदने में, बिजली-पानी का बिल भरने में, टेलीफोन का बिल भरने में, हमारी पढ़ाई-लिखाई में, इधर-उधर आने-जाने में, पूजा-पाठ में दवाइयाँ खरीदने में|

**(ख) अकाल के समय लोग राजा से कौन-कौन से काम करवाना चाहते थे?**

**तुम अपने स्कूल या इलाके में क्या-क्या काम करवाना चाहते हो?**

**उत्तर -** लोग चाहते थे कि अकाल के समय राजा राजकोष से दस हजार रूपए दे दे जिससे वे लोग दूसरे देशों से अनाज खरीदकर अपनी जान बचा सकें|

मैं चाहता हूँ कि पार्क में अच्छे-अच्छे फूल-पौधे लगाए जाएँ| वहाँ खेलने के लिए झूले आदि भी लगाया जाएँ|

<u>कैसा राजा!</u>

**(क) राजा किसी को दान देना पसंद नहीं करता था|**

**तुम्हारे विचार से राजा सही था या गलत?**

**अपने उत्तर का कारण भी बताओ|**

**उत्तर -** राजा गलत था क्योंकि मुसीबत के समय प्रजा की रक्षा करना राजा का कर्तव्य होता है|

**(ख) राजा दान देने के अलावा और किन - किन तरीकों से लोगों की सहायता कर सकता था?**

**उत्तर -** राजा अपने भंडार से लोगों में अनाज बाँट सकता था| वह गाँव में कुएँ और नहर खुदवा सकता था जिसके भविष्य में अकाल की नौबत ही न आए|

<u>पूर्व और पूर्व</u>

**पूर्वी सीमा के लोग भूखे मरने लगे|**

**(क) पूर्व शब्द के दो अर्थ हैं**

**पूर्व - एक दिशा**

**पूर्व - पहले**

**आगे ऐसे ही कुछ और शब्द दिए गए हैं जिनके दो-दो अर्थ हैं| इनका प्रयोग करते हुए दो-दो वाक्य बनाओ|**

**उत्तर - जल** - वर्षा होने पर चारों तरफ **जल** भर गया|

गर्म पानी गिर जाने से मेरा हाथ **जल** गया|

**म न** - फेल होने की बात सुनकर सीमा का **मन** उदास हो गया|

आज हमने चार **मन** गेहूँ खरीदा|

**मगर** - **मगर** ने बन्दर से अपना कलेजा लाने को कहा|

आभा ने बहुत कोशिश की **मगर** पर सफलता नहीं मिली|

**(ख) नीचे चार दिशाओं के नाम लिखे हैं|**

**तुम्हारे घर और स्कूल के आसपास इन दिशाओं में क्या-क्या है?**

**तालिका भरो-**

**दिशा || घर के पास || स्कूल के पास**

**पूर्व**

**पश्चिम**

**उत्तर**

**दक्षिण**

**उत्तर -** बच्चे स्वयं अपने-अपने घर और स्कूल के अनुसार दिशाओं में पड़ने वाली चीजों के नाम लिखे| जैसे – सड़क, मंदिर, पार्क, मकान आदि|